Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to expedite Ara-Kochas-Bhabua Road and Bhabua Road to Maa Mundeshwari Dham railway line projects in Bihar -laid.

श्री छेदी पासवान (सासाराम): आरा-कोचस-भभुआ रोड तथा भभुआ रोड से मां मुण्डेश्वरी धाम तक रेल पथ का बजटीय प्रावधान वर्ष 2014-15 में किया गया हैं, परंतु उक्त योजना के निर्माण में विलंब होने से आदिवासी बाहुल्य इलाका आधुनिक सुविधाओं से वंचित है। बिहार के कैमूर जिला अंतर्गत 'माता मुंडेश्वरी धाम' तेलहार कुण्ड, हरशुब्रम्ह, जगदहवॉ बांध इत्यादि भी पर्यटकों की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थान रखता है, जहां राष्ट्रीय स्तर के पर्यटकों का आना-जाना लगा रहता है। अत: इस योजना का शीघ्र निर्माण करने हेतु रेल मंत्रालय को निर्देशित करने की कृपा की जाए।